**VASHISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
**(Academic Session 2025-26)**

**Date: ________ Class: 5 Div: A /C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**
**Name: ______________________________ Worksheet: 3**

## पाठ-3 दोस्त का दोस्त अपना दोस्त

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर : (पाठ-चर्चा )**

i. **लेखक अकसर शाम को दुकान क्यों जाता था ?**

उत्तर :लेखक अकसर सामान खरीदने के लिए शाम को दुकान जाता था |

ii. **लेखक बिस्किट कहाँ और किसके लिए रखता था ?**

उत्तर :लेखक बिस्किट निकोलस नाम के कुत्ते के लिए कॉटेज के अहाते में बने गैस मीटर के बक्से के ऊपर रखता था |

iii. **लेखक बाज़ार जाते हुए क्यों डरता था ?**

उत्तर :बाज़ार के रास्ते में शैतान कुत्ते से लेखक का सामना न हो जाए,यह सोचकर वह डरता था |

iv. **अंत में लेखक ने क्या करना शुरू किया ?**

उत्तर :लेखक दुकान से लौटते समय दो बिस्किट शैतान कुत्ते के लिए भी रखने लगा |

- **अधिकतम शब्दों में प्रश्नों का उत्तर लिखे-**

i. **लेखक के साथ वोकुर्ना स्ट्रीट पर क्या घटित होता था ?**

उत्तर :वोकुर्ना स्ट्रीट के बँगले में एक कुत्ता रहता था | जैसे ही लेखक वहाँ से निकलता उसपर शैतान सवार हो जाता | लेखक पर कुत्ते का भौंकना तब तक जारी रहता जब तक वह गली के दूसरे छोर तक न निकल जाता | उस बँगले में कभी कोई नज़र नहीं आता था |

ii. **लेखक के बाज़ार से लौटने तक कुत्ता कहाँ चला जाता होगा ?**

उत्तर :बाज़ार की ओर जाते लेखक पर गला फाड़कर भौंकने के बाद कुत्ता शायद पानी पीने के लिए घर के पिछवाड़े जाता होगा और फिर वहीं थकान मिटाने के लिए सो जाता होगा |

iii. **मिसेज़ स्मिथ लेखक को किस रूप में जानती थीं ?**

उत्तर :मिसेज़ स्मिथ लेखक को निकोलस के दोस्त के रूप में जानती थीं |वह लेखक से पहली बार हिल स्ट्रीट के फुटपाथ पर मिली थीं|

**iv. बारिशवाले दिन लेखक के साथ क्या घटना घटी ?**

उत्तर :बारिशवाले दिन लेखक ने नुक्कड़ की दुकान से सामान लेकर आते हुए,अचानक उस शैतान कुत्ते को फुटपाथ पर खड़े देखा| धीरे-धीरे वह कुत्ता लेखक के पास आया और उसे सूँघने लगा |आँख मिलाते हुए अपनी दुम हिलाई|फिर उसने लेखक का हाथ चाटा और हलके से दाँतों से पकड़ा| जैसे ही लेखक चलने लगा वह बँगले के दरवाज़े पर खड़ा हो गया |

**v. लेखक के साथ घटी घटना पर मिसेज़ स्मिथ की क्या प्रतिक्रिया थी और क्यों ?**

उत्तर :मिसेज़ स्मिथ ने लेखक के साथ घटी घटना को सुनकर कहा कि जैसे लेखक कुत्ते के रंग-रूप से डरता रहा वैसे ही वह लेखक की दाढ़ी और चाल-ढाल से उसपर शक करता रहा होगा,परंतु अब जानता है कि वह उसी के जातिभाई निकोलस का दोस्त है |

**प्रश्न 2. दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

मैं वहाँ से गुजरते समय उसे हाथ दिखाता, सीटी बजाता और बुलाता पर वह बरामदे में पड़ी कुरसी पर बैठा देखता रहता | वह काफ़ी दिनों से मुझे देखता रहा होगा | उसे पता था कि यहाँ से एक बार गुज़रने के दस मिनट बाद मैं दुबारा यहीं से निकलता हूँ | मेरे दुकान की ओर जाने के बाद वह बंद दरवाज़े के पास बैठा मेरा इंतजार करता और मेरी आहत सुनते ही फिर बरामदे में कुरसी पर जा बैठता और अपनी शरारतभरी आँखों से मुझे देखता रहता |

**i. कुत्ते को देखकर लेखक क्या-क्या करता था ?**

उत्तर- कुत्ते को देखकर लेखक उसे हाथ दिखाता,सीटी बजाता और बुलाता था |

उत्तर - ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**ii. कुत्ते को लेखक के बारे में क्या पता था ?**

उत्तर- कुत्ते को यह पता था कि लेखक यहाँ से एक बार गुज़रने के दस मिनट बाद दुबारा यहीं से निकलता हूँ |

उत्तर - ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**iii. लेखक की आहट सुनते ही कुत्ता क्या करता था ?**

उत्तर- लेखक की आहत सुनते ही फिर बरामदे में कुरसी पर जा बैठता और अपनी शरारतभरी आँखों से उसे देखता रहता |

उत्तर - ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------